प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद

संख्या हि.अ./प्र.नि.ले.प.(कें)/रा.भा.का.स.ति.बै./फा-33 दिनांक: 12.05.22

कार्यालय ज्ञापन

विषय: दिनांक 04.05.2022 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद का राजभाषा कार्यान्वयन समिति का बैठक दिनांक 04.05.2022 को प्रातः 11 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री विजय एन. कोठारी, प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यसूची के अनुसार चर्चा की गई और मुख्यालय और शाखा कार्यालय, जयपुर में राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त करने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए।

2. बैठक का कार्यवृत ई-मेल द्वारा मुख्यालय के सभी अनुभागों एवं शाखा कार्यालय, जयपुर को सूचना, रेकॉर्ड और आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेषित किया जा रहा है।

3. अनुरोध है कि कार्यवृत में उल्लिखित मदों पर यथोपेक्षित कार्रवाई करते हुए की गई कार्रवाई से हिंदी अनुभाग, प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद को 05.07.2022 तक अनिवार्य रूप से अवगत करवा दें।

4. यह कार्यवृत प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा के अनुमोदन पर जारी किया गया।

अभिषेक 12/5

(अभिषेक जैन)

उप निदेशक (प्रशा.)

संलग्न: यथोपरि।

प्रति:-

1. निजी सहायक, निदेशक, प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद
2. मुख्यालय में स्थित सभी अनुभाग
3. आई.टी.एम.जी. अनुभाग को कार्यालय के वैबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अभिषेक कुमार

हिंदी अधिकारी

Scanned by CamScanner

## प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद

कार्यालय में मार्च 2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 04.05.2022 को प्रातः 11 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री विजय एन. कोठारी, प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ करने से पूर्व सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय का अभिनंदन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और अध्यक्ष महोदय से अनुमति लेते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की।

तत्पश्चात बैठक में कार्यसूची के अनुसार निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श करके आवश्यक निर्णय लिए गए:-

**मद संख्या 1. दिनांक 24.01.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई कार्रवाई की समीक्षा:**

उपरोक्त बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की गई। उपरोक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है:-

(1) गृह हिंदी पत्रिका में मौलिक एवं स्वरचित रचनाएँ प्राप्त करने के लिए निदेश।
मार्च-2022 अंक के लिए इस कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों से 12 रचनाएँ प्राप्त हुई। संपादक मण्डल द्वारा उक्त सभी रचनाएँ पत्रिका में शामिल की गईं।

(2) अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी शाखा अधिकारियों को अंग्रेजी में भेजे जाने वाले एक प्रकार के पत्रों को हिंदी में भेजने का निदेश।

(i) केन्द्रीय लेखा परीक्षा व्यय अनुभाग द्वारा 5 पत्रों (अनुमोदन लेखा परीक्षा में बदलाव, मसौदा पैरा, रिपोर्ट ऑडिट सर्टिफिकेट, "प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय संस्वीकृति के बिना कार्य निष्पादन" तथ्यों की विवरणी) को चिन्हित किया गया जो कि पूर्व में अंग्रेजी में भेजे जाते थे जो कि मार्च 2022 तिमाही से हिंदी में भेजे जा रहे हैं।

(ii) आई.टी.आर.ए.-डी.पी. अनुभाग ने 2 पत्रों (तथ्यात्मक सूचना के संदर्भ में और एल.ए.आर. पैरा के केस के संदर्भ में लेखा परीक्षा आपत्ति) को चिन्हित किया

Scanned by CamScanner

गया जो कि पूर्व में अंग्रेजी में भेजे जाते थे जो कि मार्च 2022 तिमाही से हिंदी में भेजे जा रहे हैं।

(3) सभी शाखा अधिकारियों को आगामी बैठक से अंग्रेजी में भेजे गए पत्रों का ब्योरा साथ में रखने का निदेश।

सभी शाखा अधिकारियों ने निदेशानुसार अपने अनुभाग द्वारा अंग्रेजी में भेजे गए पत्रों का ब्योरा सदस्य-सचिव को बैठक होने से पूर्व जमा करवा दिया और अध्यक्ष महोदय द्वारा ब्योरा मांगे जाने पर प्रस्तुत किया गया।

**मद संख्या 2. राजभाषा कार्यान्वयन और प्रगति के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गए निदेश**

(1) अध्यक्ष महोदय ने गृह हिंदी पत्रिका "धरा गुर्जरी" के सितंबर-2022 अंक के लिए स्वरचित एवं मौलिक रचना प्राप्त करने के लिए परिपत्र जारी करने का निदेश दिया।

**अनुपालन: हिंदी अनुभाग**

(2) अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग को निम्नलिखित पत्रों/दस्तावेजों को द्विभाषी/हिंदी में करने का निदेश दिया

(i) पुलिस सत्यापन पत्र
(ii) आंतरिक प्रशिक्षण अर्ध सरकारी पत्र
(iii) निलंबन आदेश
(iv) वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट का अग्रेषण पत्र
(v) अभ्यावेदन का अग्रेषण पत्र

**अनुपालन: प्रशासन अनुभाग**

(3) अध्यक्ष महोदय ने सी.आर.ए. अनुभाग को ओ.आई.ओ.एस. के माध्यम से भेजे जाने वाले पत्रों के अग्रेषण पत्र को हिंदी में भेजने का निदेश दिया।

**अनुपालन: सी.आर.ए. अनुभाग**

(4) अध्यक्ष महोदय ने जी.एस.टी.ए.-मुख्यालय अनुभाग को हिंदी में भेजे जाने वाले पत्र और लिफाफे पर पता हिंदी में लिखा हो यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया।

**अनुपालन: जी.एस.टी.ए.-मुख्यालय अनुभाग**

Scanned by CamScanner

(5) अध्यक्ष महोदय ने आई.टी.आर.ए.-डी.पी. अनुभाग को पी.ए. और एस.एस.सी.ए. का अग्रेषण पत्र हिंदी में भेजने का निदेश दिया।

**अनुपालन: आई.टी.आर.ए.-डी.पी. अनुभाग**

(6) हिंदी कार्यशाला में सभी अनुभाग मुख्यालय में तैनात कार्मिकों के अलावा फील्ड में तैनात कार्मिकों को भी नामित कर सकते हैं। फील्ड में तैनात कार्मिकों को ऑनलाइन माध्यम द्वारा कार्यशाला में शामिल किया जाएगा।

**अनुपालन: सभी अनुभाग**

(7) अध्यक्ष महोदय ने मूल्यांकन समिति को कार्यालय में मूल रूप से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना के लिए प्राप्त सभी प्रविष्टियों का सत्यापन करके 31 मई 2022 तक परिणाम तैयार करने का निदेश दिया। मूल्यांकन समिति के सदस्य प्रत्येक प्रतिभागियों के द्वारा दिये गए विवरण का सत्यापन करेंगे और मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे।

**अनुपालन: मूल्यांकन समिति**

(8) अध्यक्ष महोदय ने कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के लिए मुख्यालय को पत्र भेजने का निदेश दिया।

**अनुपालन: प्रशासन अनुभाग**

(9) अध्यक्ष महोदय ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद को वार्षिक अंशदान रु.3000/- (तीन हज़ार रुपए मात्र) भेजने का निदेश दिया।

**अनुपालन: हिंदी अनुभाग**

**मद संख्या 3: शाखा कार्यालय, जयपुर के तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा**

(1) शाखा कार्यालय, जयपुर द्वारा 'क' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त 18 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया। साथ में 'ख' क्षेत्रों से अंग्रेजी में प्राप्त 3 पत्रों का उत्तर भी अंग्रेजी में दिया गया। इस संदर्भ में अध्यक्ष महोदय ने अनुभागवार ब्योरा मांगने का निदेश दिया है जिसपर अगले राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी।

**अनुपालन: शाखा कार्यालय, जयपुर और हिंदी अनुभाग**

(2) 'क' क्षेत्रों में हिंदी में भेजे गए मूल पत्रों का लक्ष्य 100% है लेकिन शाखा कार्यालय, जयपुर द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई। साथ में 'ख' क्षेत्र में हिंदी में भेजे जाने वाले

Scanned by CamScanner

मूल पत्रों का लक्ष्य 90% है और इस संदर्भ में भी शाखा कार्यालय द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई। अतः 'क' क्षेत्र को अंग्रेजी में भेजे गए 94 मूल पत्रों और 'ख' क्षेत्र में अंग्रेजी में भेजे गए 05 मूल पत्रों का अनुभागवार ब्योरा मांगने का निदेश दिया।

**अनुपालन: शाखा कार्यालय, जयपुर और हिंदी अनुभाग**

**मद संख्या 4: राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा**

(1) अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा की और सभी कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया।

**अनुपालन: सभी अनुभाग**

(2) अध्यक्ष महोदय प्रत्येक तिमाही में कार्यशाला आयोजित करने का निदेश दिया और विशेषतः हिंदी पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला में नामित करने का निदेश दिया।

**अनुपालन: सभी अनुभाग**

(3) अध्यक्ष महोदय ने यह निदेश दिया कि केंद्र सरकार के कार्यालयों आदि द्वारा जो भी विज्ञापन अङ्ग्रेज़ी/क्षेत्रीय भाषाओं में दिये जाते हैं, उन्हे हिंदी भाषा में भी अनिवार्य रूप से प्रकाशित कराया जाए। जब अंग्रेजी समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए जाते हैं तो विज्ञापन के अंत में यह अवश्य उल्लेख कर दिया जाए कि अधिसूचना/विज्ञापन/रिक्ति संबंधी परिपत्र का हिंदी रूपांतर वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस जानकारी संबंधी पूरा लिंक भी दिया जाए।

**अनुपालन: जी.ओ.एम. अनुभाग**

(4) अध्यक्ष महोदय ने कम्प्युटर पर हिंदी में कार्य करने के लिए 5 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करने का निदेश दिया।

**अनुपालन: प्रशासन अनुभाग**

अभिषेक कुमार

हिंदी अधिकारी

Scanned by CamScanner